भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या †204
उत्तर देने की तारीख 20 जुलाई, 2026
29 आषाढ़, 1948 (शक)

बिहार में खेल की मूलभूत अवसंरचना को मजबूत करना

†204. श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने विगत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान बिहार राज्य में खेल अवसंरचना के विकास और सुदृढ़ीकरण के लिए कोई उपाय किए हैं;

(ख) यदि हां, तो उक्त अवधि के दौरान उक्त राज्य में स्वीकृत, पूर्ण हो चुकी और कार्यान् वयनाधीन खेल अवसंरचना परियोजनाओं का वर्ष-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत दस वर्षों के दौरान बिहार में खेल अवसंरचना के विकास के लिए खेलो इंडिया योजना (केआईएस) सहित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत सरकार द्वारा स्वीकृत, जारी और उपयोग की गई धनराशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या उक्त अवधि के दौरान राज्य सरकार से स्टेडियमों, खेल परिसरों और प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना/उन्नयन के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं; और

(ङ) यदि हां, तो इन परियोजनाओं की मंजूरी की स्थिति, धनराशि जारी करने और इनके पूरा होने की वर्तमान स्थिति सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) और (ख) : 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण खेलों के विकास सहित खेल अवसंरचना के विकास एवं सुदृढ़ीकरण की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है। भारत सरकार इन प्रयासों में महत्त्वपूर्ण कमियों को पूरा कर सहायता प्रदान करती है। इस मंत्रालय द्वारा लागू खेलो इंडिया स्कीम तथा राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ), जिनके अंतर्गत खेल अवसंरचना के विकास हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, मांग-आधारित स्कीम हैं।

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों तथा अन्य पात्र संस्थाओं से प्राप्त प्रस्तावों पर उनकी पूर्णता, तकनीकी व्यवहार्यता तथा योजना के अंतर्गत निधियों की उपलब्धता के अनुरूप ही वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु विचार किया जाता है। बिहार राज्य सहित देशभर में, खेलो इंडिया स्कीम तथा राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ) के अंतर्गत अनुमोदित खेल अवसंरचना परियोजनाओं और उनकी स्वीकृत लागत, जारी की गई निधि तथा उनकी भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड क्रमशः https://mdsd.kheloindia.gov.in तथा http://www.nsdf.yas.gov.in/nsdf-glance.html पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है।

(ग) निधियों का आवंटन एवं निर्गमन योजना-वार किया जाता है, न कि राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार। खेल विभाग की विभिन्न खेल विकास योजनाओं के अंतर्गत बिहार राज्य सहित देशभर में, पिछले दस वर्षों के दौरान आवंटित निधियों तथा किए गए व्यय का विवरण निम्नानुसार है:

(राशि ₹ करोड़ में)

वित्तीय वर्ष	**आवंटित निधि**	**किया गया व्यय**
2025-26	2347.14	2228.88
2024-25	2332.50	2136.97
2023-24	2380.86	2329.35
2022-23	1907.69	1879.99
2021-22	1993.00	1748.76
2020-21	1313.40	1304.12
2019-20	2000.00	1989.39
2018-19	1381.52	1297.38
2017-18	1393.21	1229.32
2016-17	1078.35	1074.66

(घ) और (ङ): राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र सरकारों तथा अन्य पात्र संस्थाओं से परियोजना प्रस्ताव की प्राप्ति एक निरंतर प्रक्रिया है। खेल विभाग की योजनाएँ अपने लिए आवंटित बजट के भीतर ही देशभर में गतिविधियों/कार्यक्रमों की आवश्यकताओं की पूर्ति करती है।

*****